वीना प्रसाद, भा.र.ले.से.
Veena Prasad, IDAS
रक्षा लेखा महानियंत्रक
Controller General of Defence Accounts

सत्यमेव जयते

रक्षा लेखा महानियंत्रक
Controller General of Defence Accounts
उलान बटार रोड़, पालम
Ulan Batar Road, Palam,
दिल्ली छावनी-110010
Delhi Cantt-110010
दूरभाष/Tel. : 011-25674782
फैक्स/Fax : 011-25674776
ई मेल/Email : veenaprasad.cgda@gov.in

संदेश

14 सितम्बर, हिन्दी दिवस के अवसर पर रक्षा लेखा विभाग के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

14 सितम्बर, 1949 को संविधान सभा में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया था कि संघ की राजभाषा देवनागरी लिपि में लिखी हिंदी होगी। आज के दिन हम एक संकल्प दोहराते हैं कि हमारा लक्ष्य और प्रयास हो कि सारा सरकारी कामकाज राजभाषा हिंदी में हो। इसके लिए सबका सहयोग हमारे प्रयासों को सफल बनाएगा। सहयोग से ही विकास होता है।

आज देश की जनता के पास सूचना का अधिकार है । जनता के साथ संवाद, जनता की भाषा में किया जाना अपरिहार्य है। अत: समय की मांग को देखते हुए बगैर किसी संकोच के समस्त सरकारी कामकाज हिंदी में किया जाना अपेक्षित है। हमारे विभाग के कार्यालय पूरे भारतवर्ष में फैले हुए हैं जिनमें अनेक भाषा-भाषी व्यक्ति कार्य करते हैं। फिर भी अधिकांश व्यक्तियों की अभिव्यक्ति का माध्यम हिन्दी ही होता है। पिछले कुछ समय से विभाग में हिन्दी में किए जा रहे कार्यों में काफी बढ़ोतरी हुई है। विभागीय वैबसाइट का द्विभाषीकरण, विभागीय ई-पत्रिका इत्यादि इस दिशा में किए गए महत्वपूर्ण प्रयास हैं।

हिन्दी भाषा बहुत सरल, सरस, सहज और मधुर है। इसे आगे बढ़ाने का दायित्व हम सभी का है। हिन्दी में कार्य करना बहुत आसान है। हम सभी का कर्तव्य है कि राजभाषा हिन्दी के बारे में संविधान में निहित मूल संकल्पना को आत्मसात करते हुए निष्ठापूर्वक राजभाषा हिन्दी को अपनाएं तथा अपना अधिकाधिक कार्यालयी कार्य हिन्दी में करें ।

जयहिन्द !

वीना प्रसाद
रक्षा लेखा महानियंत्रक